आदेश या अन्य प्रकार की रोकथाम का आदेश जारी कर सकती है, और यदि आपने कोई वकील किया है तो जिस व्यक्ति ने आपको नुकसान पहुंचाया है उसे आपके वकील की फीस अदा करने का आदेश दे सकती है।

## आप और आपका समुदाय क्या कर सकते हैं?

- घृणा और असहिष्णुता के खिलाफ़ आवाज उठाएं।
- सामुदायिक रैलियां आयोजित करके और पीड़ितों के समर्थन एवं सहायता के लिए हाथ बढ़ाकर पीड़ितों की मदद करें।
- घृणासूचक अपराधों के प्रति अपना विरोध प्रकट करने के लिए सार्वजनिक अधिकारियों को प्रोत्साहित करें।
- एक घृणासूचक अपराध नेटवर्क स्थापित करें जिसमें कानून प्रवर्तन, स्थानीय सरकार, स्कूल, धार्मिक संगठन और समुदाय आधारित संगठन शामिल हों, जो किसी घृणासूचक अपराध के होते ही तत्काल प्रत्युत्तर दें और रोकथाम एवं जागरूकता को बढ़ावा दें।

## आपको सहायता कैसे मिल सकती है

यदि आप किसी घृणासूचक अपराध के पीड़ित रहे हैं तो निम्नलिखित स्रोतों से आपको सहायता मिल सकती है:

- California Attorney General's Office of Victims' Services (पीड़ित सेवाओं हेतु कैलिफ़ोर्निया एटॉर्नी जनरल का कार्यालय)
  टेलीफ़ोन : (877) 433-9069
- State of California -Department of Fair Employment and Housing (कैलिफ़ोर्निया राज्य - निष्पक्ष रोजगार एवं आवास विभाग)
  टेलीफ़ोन : 1-800-884-1684
  टीटीवाई : 1-800-700-2320
- California State Board of Control Victims of Violent Crime Unit (कैलिफ़ोर्निया राज्य नियंत्रण बोर्ड हिंसक अपराध पीड़ित इकाई)
  टेलीफ़ोन : 1-800-777-9229
- District Attorney's Victim/Witness Program
  (आपके स्थानीय डिस्ट्रिक्ट एटॉर्नी का पीड़ित/गवाह कार्यक्रम (टेलीफ़ोन पुस्तिका में काउंटीवार सूची है))
- United States Attorney's Victim/Witness Assistance Program
  (आपके डिस्ट्रिक्ट में युनाइटेड स्टेट्स एटॉर्नी कार्यालय का पीड़ित/गवाह सहायता कार्यक्रम (टेलीफ़ोन पुस्तिका में संघीय सूची है))
- United States Department of Justice, Community Relations Services
  (युनाइटेड स्टेट्स न्याय विभाग, सामुदायिक संबंध सेवाएं (टेलीफ़ोन पुस्तिका में संघीय सूची है))

इस कार्यक्रम पर अधिक जानकारी और अन्य अपराध रोकथाम सामग्री के लिए, लिखें :


Crime and Violence Prevention Center
California Attorney General's Office
P.O. Box 944255
Sacramento, CA 94244-2550
www.safestate.org


www.safestate.org से
यह प्रकाशन डाउनलोड किया जा सकता है

यह प्रकाशन इन भाषाओं में भी उपलब्ध है :
अरबी, आर्मेनियाई, चीनी, हिंदी, कोरियाई, पंजाबी, स्पैनिश और वियतनामी


B13–9119
10/06
UNION LABEL


# घृणासूचक अपराधों की रोकथाम

# हम क्या कर सकते हैं!

**अपराध और हिंसा रोकथाम केंद्र**
**कैलिफ़ोर्निया एटॉर्नी जनरल का कार्यालय**

Preventing Hate Crime – Hindi

*"घृणासूचक अपराध सबसे अमानवीय अपराधों में से हैं क्योंकि अपराध करने वाला पीड़ित व्यक्ति को उसकी त्वचा के रंग, भाषा, धर्म, यौन रुझान, या विकलांगता के कारण पूरी तरह इंसान का दर्जा देने लायक नहीं समझता। इसके अलावा, घृणासूचक अपराध का असर पीड़ित व्यक्ति के पूरे समूह पर होता है, जिससे पूरे समुदाय में चिंता व्याप्त हो जाती है।"*

कैलिफ़ोर्निया एटॉर्नी
जनरल का कार्यालय

## कैलिफ़ोर्निया में घृणासूचक अपराध

कैलिफ़ोर्निया में, अगर नस्ल या जातीयता, राष्ट्रीयता, लिंग, यौन रुझान, शारीरिक या मानसिक विकलांगता या इनमें से किसी एक या अनेक "वास्तविक" या "सोची गई" विशेषता रखने वाले व्यक्ति अथवा समूह के साथ संबंध के कारण आपको निशाना बनाया गया है, तो आप घृणासूचक अपराध से पीड़ित हो सकते हैं।

यह ज़रूरी है कि आप घृणासूचक घटनाओं और घृणासूचक अपराधों में अंतर कर सकें।

**घृणासूचक घटना** कोई ऐसी हरकत या आचरण है जो घृणा से प्रेरित होते हुए भी प्रथम संशोधन के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार द्वारा संरक्षित है। घृणासूचक घटनाओं के उदाहरणों में ताने मारना, गाली-गलौज करना, सार्वजनिक स्थानों पर घृणा फैलाने वाली सामग्री बांटना, और किसी की संपत्ति पर आक्रामक घृणा-प्रेरित सामग्री प्रदर्शित करना शामिल हो सकता है। अमेरिकी संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रताएं, जैसे बोली की स्वतंत्रता, घृणा से भरे शब्दाडंबर की उस समय तक इजाज़त देती हैं जब तक कि इससे दूसरों के नागरिक अधिकारों में दखलंदाज़ी नहीं होती। अगर इस प्रकार का आचरण बढ़कर किसी व्यक्ति या संपत्ति के विरुद्ध धमकियां देने या उन पर अमल करने तक पहुंच जाता है, तो उसे ***घृणासूचक अपराध*** के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

**घृणासूचक अपराध** किसी पीड़ित या उसकी संपत्ति के विरुद्ध इस कारण से की गई आपराधिक कार्रवाई या आपराधिक कार्रवाई का प्रयास है कि पीड़ित किसी संरक्षित वर्ग का सदस्य है या उसे इस रूप में देखा जाता है। (पीड़ित में कोई निकाय या समूह शामिल हो सकता है।)

घृणासूचक अपराधों की रिपोर्ट उचित अधिकारियों को दी जानी चाहिए, जैसे आपके स्थानीय पुलिस या शेरिफ़ के विभाग को। अगर इन घृणासूचक अपराधों की रिपोर्ट कानून प्रवर्तन अधिकारियों को नहीं दी जाएगी, तो अपराध करने वाले अपनी मान्यताओं के मुताबिक काम करते रहेंगे और समाज के लिए खतरा बने रहेंगे।

## घृणासूचक अपराधों के पीड़ित

अगर आपको लगता है कि आप घृणासूचक अपराध के पीड़ित हैं, तो आपको :

- तत्काल पुलिस या शेरिफ़ के विभाग को बुलाना चाहिए।
- चिकित्सकीय सहायता लें (अगर ज़रूरत हो)।
- बोले गए सटीक शब्दों को और अन्य किसी ऐसी जानकारी को लिख लें जो उपयोगी हो सकती हो।
- किसी भी साक्ष्य को बचाकर रखें (दीवारों पर लिखावट, अंडों के छिलके, पीड़ित के वाहन पर लिखावट)। किसी भी साक्ष्य को हटाएं नहीं। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के आने और फोटोग्राफ़ लेने तक इंतज़ार करें।
- अन्य पीड़ितों और गवाहों के नाम, पते और टेलीफ़ोन नंबर ले लें।
- अगर संभव हो, तो अपराधकर्ता का हुलिया और उसके वाहन का नंबर ले लें।
- अपने इलाके के उन समुदाय-आधारित संगठनों से संपर्क करें जो घृणासूचक अपराधों पर प्रतिक्रिया करते हैं।

## बुनियादी संकेत

नीचे ऐसे संकेतों की सूची दी गई है जिनसे पता चलता है कि कोई घृणासूचक अपराध किया गया हो सकता है :

- पीड़ित या गवाह को ऐसा लगना कि अपराध करने वाले ने उसे इसलिए चुना क्योंकि वह किसी संरक्षित वर्ग का/की सदस्य है।
- अपराध करने वाले की लिखित या मौखिक टिप्पणियां जिनसे भेदभाव का पता चलता है।
- घटना ऐसे दिन हुई है जो पीड़ित के संरक्षित वर्ग के लिए विशेष महत्व की तिथि है।
- नस्ल या धर्म में अंतर, उदाहरण के लिए, पीड़ित और अपराध करने वाले के बीच।
- इलाके में घृणा आधारित समूह की संगठित गतिविधियां।

## घृणासूचक अपराध पीड़ितों को उपलब्ध सेवाएं

- आपको कैलिफ़ोर्निया संविधान के पीड़ितों के अधिकार पत्र (California Constitution’s Victim’s Bill of Rights) के तहत कुछ सुनिश्चित अधिकार मिले हुए हैं। उदाहरण के लिए, आप अपराध करने वाले पर कानूनी कार्रवाई के बारे में सूचना पाने और सजा सुनाए जाने के समय पीड़ित पर प्रभाव वक्तव्य प्रस्तुत करने के अधिकारी हो सकते हैं।
- आप खुद को होने वाली किसी हानि, क्षति या चोट के लिए क्षतिपूर्ति पाने के अधिकारी हो सकते हैं।
- आपको रैल्फ एक्ट (Ralph Act ) और बेन एक्ट (Bane Act) के तहत भी सुरक्षा मिली हुई है। इन कानूनों के तहत, कोई अदालत आपको धनराशि प्रदान कर सकती है। जिस व्यक्ति ने आपके अधिकारों का हनन किया है, अदालत उसे आपको जुर्माना ($25,000) अदा करने, आपको हुए वास्तविक नुकसान की भरपाई के लिए धन देने, और/या उस व्यक्ति को दंडित करने तथा भविष्य में इन कानूनों के उल्लंघन से हतोत्साहित करने के लिए एक अतिरिक्त धनराशि निर्धारित कर सकती है। अदालत भविष्य में किसी नुकसान से आपको बचाने के लिए एक निषेधात्मक